सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर–272202
उ0प्र0(भारत)Email Id: registrarsidduniv@gmail.com

पत्रांक– 2703/शो0अनु0/सि0वि0वि0/2026 दिनांक– 03/06/2026

# अधिसूचना

एतद्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि मा0 कुलपति जी की अनुमति दिनांक–29.05.2026 के क्रम में प्री पी–एच0डी0 कोर्सवर्क 2023–24 के लगभग 44 शोधार्थी जो बलरामपुर एवं श्रावस्ती जनपद के शोध निर्देशकों के अन्तर्गत शोध कार्य करने हेतु आवंटित किये गये थे। वर्तमान में बलरामपुर एवं श्रावस्ती जनपद के महाविद्यालय, माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर से सम्बद्ध हो गये हैं। ऐसे शोधार्थी, जिनके शोध पर्यवेक्षक/निदेशक वर्तमान में बलरामपुर एवं श्रावस्ती जनपद के महाविद्यालय में कार्यरत हैं, जो कि माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर से सम्बद्ध हो गए हैं, के शोध कार्य को सुचारु रूप से क्रियान्वित करने के संदर्भ में विश्वविद्यालय के शोध अध्यादेश–2024 के **बिन्दु सं0–07 व 09 तथा 21** के आलोक में निम्नलिखित निर्णय लिये गये है, जो निम्नवत् है–

1. पी–एच०डी० कोर्सवर्क 2023–24 के ऐसे समस्त शोधार्थी जिनके शोध पर्यवेक्षक तत्काल में माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों में कार्यरत हैं, उनको सम्बन्धित विषय के विभागीय शोध समिति (D.R.C) की संस्तुति अनुसार नवीन शोध पर्यवेक्षक आवंटन किये जायें। बलरामपुर जनपद में पड़ने वाले ऐसे समस्त महाविद्यालय में पूर्व से आवंटित किये गए शोध पर्यवेक्षक, सह–शोध पर्यवेक्षक के रूप में निर्देशन प्रदान कर सकते हैं, अतः उनको सह–शोध पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया जायेगा।

2. जिन शोधार्थियों को उपयुक्त शोध पर्यवेक्षक उपलब्ध नहीं कराये जा सकते, उनके शोध कार्य की प्रशासनिक व्यवस्था हेतु. विश्विद्यालय के उपयुक्त विभाग के विभागाध्यक्ष को प्रशासनिक शोध पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाय एवं उक्त शोधार्थी सह–पर्यवेक्षक के पर्यवेक्षण में कार्य करते रहेगें।

3. ऐसे शोधार्थी जिनको शोध पर्यवेक्षक अथवा सह–शोध पर्यवेक्षक दोनों ही उपलब्ध ना हो, उनके लिए भी विश्वविद्यालय के उपयुक्त विभाग के विभागाध्यक्ष को प्रशासनिक शोध पर्यवेक्षक नियुक्त किये जायें एवं अतिसंभव शीघ्रता से उन्हें सिद्धार्थ विश्विद्यालय अथवा उससे सम्बद्ध महाविद्यालयों से शोध पर्यवेक्षक, सह–शोध पर्यवेक्षक अथवा सिद्धार्थ विश्विद्यालय से समझौते के अंतर्गत मान्यता प्राप्त संस्थानों से सह–शोध पर्यवेक्षक नियुक्त किये जायेगा।

4. विशेष स्थिति में, बलरामपुर में स्थित महाविद्यालयों के शिक्षकों के शोध निर्देशन/पर्यवेक्षण में आवंटित ऐसे शोधार्थी जो माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर अथवा अन्य किसी विश्वविद्यालय से शोध कार्य जारी रखना चाहते हैं तथा सिद्धार्थ विश्वविद्यालय से स्थानान्तरण चाहते हैं, वह इस आशय का प्रार्थना पत्र, तत्काल में आवन्टित अपने शोध पर्यवेक्षक/निर्देशक से निर्धारित प्रारूप पर अनापत्ति एवं सहमति पत्र के साथ अग्रसारित करा कर, एक माह के भीतर अपने विषय की सम्बन्धित विभागीय शोध समिति के अध्यक्ष के पास अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित करेंगे। अनापत्ति पत्र प्राप्त होने के उपरांत, सम्बंधित विभागीय शोध समिति की संस्तुति एवं द्वितीय वर्ष की शुल्क जमा करने के उपरान्त ही माननीय कुलपति जी की अनुमति से शोधार्थी को किसी अन्य विश्वविद्यालय में स्थानान्तरण तथा स्थानान्तरण हेतु मुक्तिपत्र प्रदान किया जायेगा।

5. शोधार्थी के स्थानांतरण की स्थिति में शोधार्थी के प्री पी–एच० डी० कोर्स की अंकतालिका शोधार्थी को तत्काल उपलब्ध करवाई जायेगी तथा शोधार्थी के प्री पी–एच० डी० कोर्स वर्क का शैक्षणिक क्रेडिट अंतरण, विश्वविद्यालय की प्रक्रिया के अनुसार किया जायेगा।

6. पुनः आवंटन के उपरान्त, बलरामपुर जनपद के महाविद्यालय, जो कि माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर से सम्बद्ध हैं, से सम्बंधित समस्त सह–शोध पर्यवेक्षक एवं शोधार्थी, तथा माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर में स्थान्तरण हेतु मुक्तिपत्र प्राप्त करने वाले समस्त शोधार्थियों की समेकित सूची, कुलपति एवं कुलसचिव माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर को सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु भेजा जायेगा।

03/06/26

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर–272202
उ0प्र0(भारत)Email Id: registrarsidduniv@gmail.com


पत्रांक– 2703/तद्दिनांकित।

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. समस्त अधिष्ठाता, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2. समस्त विभागीय शोध समिति अध्यक्ष, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. विभागाध्यक्ष/प्रभारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
4. समस्त शोध निर्देशक, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
5. सम्बन्धित शोध निर्देशक, बलरामपुर एवं श्रावस्ती जनपद।
6. सम्बन्धित शोधार्थी, प्री पी–एच0डी0 कोर्सवर्क 2023–24, सि0वि0वि0 कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
7. व्यैक्तिक सहायक कुलसचिव, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
8. निजी सचिव, कुलपति जी, मा0 कुलपति जी को अवलोकनार्थ प्रेषित।
9. सम्बन्धित पत्रावली।

03/06/26

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
o/c सिद्धार्थनगर।

# सहमति–पत्र (प्रारूप)

मैं डॉ0 .....................................................................................(शोध निर्देशक का नाम)................................................ (पद)...........................................................................(विभाग का नाम)..................................................................................... .................................................(विश्वविद्यालय / महाविद्यालय का नाम) अपने निर्देशन में श्री / कु0 / सुश्री / श्रीमती .........................................................................(शोधार्थी का नाम) जिनकों प्री पी–एच0डी0 कोसवर्क 2023–24 उत्तीर्ण करने के आधार पर अपने निर्देशन में शोधकार्य कराने हेतु सहमति प्रदान करता / करती हूँ।

**हस्ताक्षर अधिष्ठाता / प्राचार्य**

**हस्ताक्षर शोध निर्देशक**

**नाम अधिष्ठाता / प्राचार्य**

**नाम शोध निर्देशक**

**संस्था की मुहर**

**संस्था की मुहर**

# अनापत्ति–पत्र (प्रारूप)

मैं डॉ0 ..................................................................................(शोध निर्देशक का नाम) ....................................................(पद) ............................................................(विभाग का नाम)............................................................................................................ .(महाविद्यालय का नाम) प्री पी–एच0डी0 कोसवर्क 2023–24 का उत्तीर्ण शोधार्थी श्री / कु0 / श्रीमती / सुश्री. ....................................................................................... (शोधार्थी का नाम) मेरे निर्देशन में शोध कार्य करने के लिए विभागीय शोध समिति द्वारा आवंटित किया गया था परन्तु शोधार्थी अपने व्यक्तिगत कारणों से सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर से स्थानान्तरण चाहता है। स्थानान्तरण की स्थिति मे मुझे कोई आपत्ति नही है।

**हस्ताक्षर अधिष्ठाता / प्राचार्य**

**नाम अधिष्ठाता / प्राचार्य**

**संस्था की मुहर**

**हस्ताक्षर शोध निर्देशक**

**नाम शोध निर्देशक**

**संस्था की मुहर**